आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :401 पृष्ठ -4 दिनांक 13 फरवरी 2025 दिन गुरूवार

# राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का निधन

## आचार्य सत्येंद्र दास ने 85 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली. आचार्य सत्येंद्र दास 3 फरवरी से ही अस्पताल में भर्ती थे

उत्तर प्रदेश स्थित अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास का बुधवार को निधन हो गया. उनका इलाज लखनऊ में चल रहा था.अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का बुधवार, 12 फरवरी को निधन हो गया. अस्पताल ने इस आशय की जानकारी दी. ब्रेन हेमरेज के बाद उनका लखनऊ के पीजीआई में इलाज चल रहा था.अस्पताल की ओर से जारी प्रेस विज्ञ. प्ति में कहा गया कि अयोध्या राम मंदिर के मुख्य पुजारी श्री सतेंद्र दास जी ने आज अंतिम सांस ली. उन्हें 3 फरवरी को स्ट्रोक के कारण गंभीर हालत में न्यूरोलॉजी वार्ड के एचडीयू में भर्ती कराया गया था. आचार्य सत्येंद्र दास ने 85 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली. आचार्य सत्येंद्र दास 3 फरवरी से ही अस्पताल में भर्ती थे.संजय गांधी स्नातक. ोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीप. ीजीआई) में 'ब्रेन स्ट्रोक' (मस्तिष्काघात) के कारण भर्ती श्रीराम जन्मभूमि मंदिर–अयोध्या के मुख्य पुजारी अपने पीजीआई में आखिरी सांस ली. अयोध्या के श्रीराम जन्म–भूमि मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास (85) की 'ब्रेन



स्ट्रोक' (मस्तिष्काघात) के कारण तबीयत बिगड़ जाने के बाद उन्हें लखनऊ के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में 3 फरवरी को भर्ती कराया गया था.

एसजीपीजीआई ने एक बयान में कहा, 'श्री सत्येंद्र दास जी को स्ट्रोक हुआ है. उन्हें मधुमेह और उच्च रक्तचाप है और वे फिलहाल न्यूरोलॉजी आईसीयू में भर्ती थे पीजीआई प्रशासन के अधिकारी च्त्ट ने बताया कि सुबह उन्होंने पीजीआई में अंतिम सांस ली.आचार्य सत्येंद्र दास के निधन पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रतिक्रिया दी. उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा– परम रामभक्त, श्री राम जन्मभूमि मंदिर, श्री अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य श्री सत्येन्द्र कुमार दास जी महाराज का निधन अत्यंत दुःखद एवं सामाजिक व आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है. उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे तथा शोक संतप्त शिष्यों एवं अनुयायियों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें. शांति!

## मुकेश अंबानी अपने बेटे अनंत, बहू राधिका मर्चेंट और मां .कोकिलाबेन अंबानी के साथ महाकुंभ पहुंचे

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी अपने बेटे अनंत, बहू राधिका मर्चेंट और मां कोकिलाबेन अंबानी के साथ महाकुंभ पहुंचे। अंबानी फैमिली ने संगम में डुबकी लगाई।महाकुंभ में विदेशी श्रद्धालु भी भक्ति में लीन हैं। सेक्टर–17 स्थित शक्ति धाम शिविर में 68 विदेशी श्रद्धालुओं ने विधि–विधान के साथ सनातन धर्म को अपनाया।संगम में मंगलवार को भी जबरदस्त भीड़ रही। हर जगह लोग ही लोग नजर आ रहे। शहर में भी जाम जैसे हालात रहे। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए कमिश्नर प्रयागराज विजय विश्वास पंत और क्M अजय पाल शर्मा सड़क पर उत. रे।मंगलवार को महाकुंभ के 30वें दिन 1. 23 करोड़ श्रद्धालुओं संगम में स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 45.85 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। वहीं, बुधवार (12 फरवरी) को माघी पूर्णिमा का स्नान है। माघ पूर्णिमा स्नान को लेकर प्रयागराज में नई ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गई है। आज मेले में कोई भी वाहन नहीं चलेगा। संगम पर सुबह 8 बजे श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए जाएंगे।

## सीएम योगी बोले– जो लोग कुंभ की व्यवस्थाओं पर उठा रहे थे सवाल, अब खुद ही चुपचाप डुबकी लगाकर आ रहे

सीएम योगी ने बुधवार को बागपत में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय अजित सिंह की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधा। छपरौली के श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रालोद के संस्थापक व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजित सिंह की प्रतिमा का बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने अनावरण किया। इसके साथ ही सीएम ने 351 करोड़ की 281 विकास




परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी जयंत सिंह उनके साथ रहे।सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वेस्ट यूपी के किसानों ने खेती की उन्नत तकनीक अपनाकर अपना विकास किया है। चौधरी अजित सिंह भी कहते थे कि देश के विकास का रास्ता खेत और किसान से होकर गुजरता है। उसी से प्रेरणा लेकर हम किसानों के हित की दिशा में काम कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि जो लोग कुंभ की व्यवस्थाओं पर अंगुली उठा रहे थे,वे अब चुपचाप डुबकी लगाकर आ रहे हैं। 26 फरवरी तक कुंभ भव्यता से चलता रहेगा और श्रद्धालु लाभ उठाते रहेंगे। महाकुंभ में कल तक 50 करोड़ लोग डुबकी लगा लगेंगे। सीएम ने कहा कि पहले पुलिस की भर्ती निकलती थी, लेकिन नौजवान को नौ. करी नहीं मिलती थी। हमारी सरकार में अब पुलिस भर्ती चल रही है और बिना भेदभाव के सभी जिलों के युवाओं को उनकी प्रतिभा के आधार पर चयनित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश का नौजवान तो अपनी ताकत दिखाएगा ही, हमने इसमें 20 फीसदी नौकरी बेटियों के लिए आरक्षित कर दी हैं। अगले दो महीने में इनकी ट्रेनिंग शुरू हो जाएगी। इसी साल में यूपी पुलिस को 60 हजार नए पुलिसकर्मी मिलेंगे।

## सीएम योगी ने परिजनों से ली विदाई, उनकी बहनों . ने निभाई मां की परंपरा, भावुक हुआ पूरा गांव



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को तीन दिवसीय पारिवारिक दौरे के बाद अपने गांव पंचूर से लखनऊ लौट गए. हर बार की तरह उनकी मां सावित्री देवी उन्हें दही–शक्कर खिलाकर विदा करती थीं, लेकिन इस बार अत्यधिक बुजुर्ग होने के कारण वह असमर्थ रहीं. उनकी इस परंपरा को इस बार बहनों ने निभाया. सीएम योगी की विदाई के दौरान पूरा गांव भावुक नजर आया और उनके साथ बिताए पलों की यादों को संजोने लगा. सीएम योगी आदित्यनाथ छह फरवरी को अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने अपने पैतृक गांव पंचूर पहुंचे थे. तीन दिवसीय दौरे के दौरान वे न केवल पा. रिवारिक समारोह में शरीक हुए, बल्कि कई सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी भाग लिया. उन्होंने गुरु गोरखनाथमहाविद्यालय बिथ्याणी में 100 फीट ऊंचे तिरंगे का उद्घाटन किया, कृषि विभाग के एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया और तल्ला बनास के गढ़खाल स्थित मंदिर में गढ़वासनी देवी व वनवासी श्रीराम की मूर्ति प्राण–प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए.बहनों ने किया विदारविवार सुबह 10:30 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिजनों से विदाई ली. पहले हर बार उनकी माता सावित्री देवी उन्हें अपने हा. थों से दही–शक्कर खिलाकर विदा करती थीं, लेकिन इस बार अत्यधिक बुजुर्ग और अस्वस्थ होने के कारण वह यह परंपरा निभाने में असमर्थ रहीं.कुछ दिनों पहले ही उनकी तबीयत खराब होने के चलते उन्हें एम्स ले जाया गया था. उम्र के प्रभाव और आंखों की समस्या के कारण वे इस बार अपने कमरे से ज्यादा बाहर नहीं निकल पाईं. ऐसे में, इस परंपरा को उनकी बहनों ने निभाया और दही–शक्कर खिलाकर उन्हें विदा किया. यह दृश्य भावुक कर देने वाला था, क्योंकि पहली बार ऐसा हुआ जब योगी अपनी मां के हाथों से आशीर्वाद लिए बिना लौटे.आत्मीयता से मिले मुख्यमंत्री सीएम योगी ने तीन दिनों तक अपने गांव में परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों के साथ आत्मीयता से समय बिताया. वे बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं से घुल–मिलकर मिले, जिससे गांव का माहौल बेहद खुशनुमा बना रहा. उन्होंने शादी समारोह के नवदंपति के साथ कुछ समय बिताया और उन्हें आशीर्वाद दिया. इसके बाद उन्होंने घर में परिवार के साथ समय बिताया. सुबह 10:00 बजे तक वे परि. जनों के साथ ही रहे और फिर 10:30 बजे लखनऊ के लिए रवाना हो गए. विधायक रेनू बिष्ट भी रहीं उपस्थित रवाना होने से पहले सीएम योगी ने गुरु गोरखनाथ महाविद्यालय परिसर में स्थित अपने गुरु अवैद्यनाथ की मूर्ति पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया. इसके बाद वे हेलिपैड पहुंचे और वहां से जौलीग्रांट एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरी. मुख्यमंत्री की विदाई के समय यमकेश्वर की विधायक रेनू बिष्ट भी उपस्थित थीं. उन्होंने मुख्यमंत्री से क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय के निर्माण को लेकर चर्चा की. उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों से लगातार हो रहे पलायन को रोकने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर भी बात हुई.

## महाकुंभ में शुरू हुआ बैल बचाओ अभियान, चलाया कोल्हू, चक्की भी लगाई

शंकराचार्य और अन्य साधु संत जहां महाकुंभ मेले में देशी गाय को बचाने और उसे राष्ट्रमाता घोषित करने की दिशा में अभियान चला रहे हैं, वहीं इस मेले में बैलों को बचाने की एक अनूठी मुहिम शुरू करते हुए जयपुर के राहुल शर्मा ने सेक्टर–आठ में अपने शिविर के बाहर बैल चालित कोल्हू और चक्की लगाई है.राहुल शर्मा ने बताया कि, "जैसे नर बिना नारी अधूरा है, उसी तरह बैल के बिना गाय अधूरी है. हर कोई गाय बचाने की बात कर रहा है, लेकिन बैल पर कोई ध्यान नहीं दे रहा और बैलों को सड़कों पर छोड़ दिया गया है." उन्होंने कहा, "ट्रैक्टर आने से बैलों की उपयोगिता खत्म हो गई और वे बेकार हो गए. अब सरकार और डॉक्टर जैविक खाद्य पदार्थों की बात कर रहे हैं. वहीं, विदेशों में श्कोल्ड प्रेस्डश के नाम पर तेल ऊंचे दाम पर बिक रहा है. यही कोल्ड प्रेस्ड तेल हमारे पूर्वज सदियों से खाते आए हैं. हम बैलों को फिर से उपयोगी बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं."लखनऊ में जल्द बनेगा बुल पावर क्लबमहाकुंभ मेले में लगाई गई बैल चालित चक्की के बारे में शर्मा ने बताया कि वह इस डेढ़ टन की चक्की को हरियाणा के झज्जर से लेकर आए हैं. बैल चालित यह चक्की एक घंटे में 50 किलो आटा पीसती है. वहीं, बैल से चलने वाला कोल्हू एक दिन में चार लीटर तेल निकालता है.उन्होंने बताया कि वह जल्दी ही लखनऊ में प्रथम बुल पावर क्लब बनाने जा रहे हैं. जहां बैल से चलने वाली चक्की, कोल्हू और गोकाष्ट (गोबर से लकड़ी बनाने) मशीन के जरिए किसानों और आम उपभोक्ताओं को जोड़ा जाएगा. इस क्लब के सदस्य पोषण से भरपूर आटा और तेल प्राप्त कर स्वस्थ रह सकेंगे, वहीं किसान बैल के संरक्षण के प्रति प्रेरित होंगे.

## यूपी में किराएदारों को ध्यान रखने होंगे ये नियम, रेंट एग्रीमेंट के नियमों में बड़ा बदलाव

उत्तर प्रदेश में अब संपत्ति की सुरक्षा को लेकर पुख्ता प्रावधान किए जाने की तैयारी की गई है. इसके तहत अब रेंट एग्रीमेंट की रजिस्ट्री को बढ़ावा दिया जाएगा. जल्द ही इससे संबंधित प्रस्ताव प्रदेश कैबिनेट की बैठक में पेश किया जाएगा. लोगों के में रेंट एग्रीमेंट की रजिस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए स्टांप शुल्क काफी कम रखने की सिफारिश की गई है. इसके तहत एक साल के रेंट एग्रीमेंट के लिए 500 रुपये से अधिकतम 20 हजार रुपये के स्टांप शुल्क होगा. इस बारे में जानकारी देते हुए स्टाप व पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने कहा कि रेंट एग्रीमेंट की रजिस्ट्री होने से मकानमालिक और किरायेदारों से जुड़े विवादों में कमी आएगी और रेंट पर दी गई संपत्ति सुरक्षित रहेगी. वर्तमान समय में किराये और अवधि के हिसाब से स्टाप शुल्क तय होता है. किरायेनामे को पंजीकृत कराने से के बाद दोनों पक्षों के हित सुरक्षित रहेंगे. रजिस्ट्री के बाद एग्री. मेंट में लिखी शर्तों के हिसाब से ही कानूनी मान्यता होगी. रेंट एग्रीमेंट की रजिस्ट्री को दिया जाएगा बढ़ावा

अभी तक रेंट एग्रीमेंट में स्टाप शुल्क ज्यादा होने की वजह से बहुत कम लोग ही इसकी रजिस्ट्री कराते हैं और ज्यादातर सौ रुपये के स्टाप पर ही किराये का समझौता कर लेते हैं जिसका कोई कानूनी दावा नहीं होता है. एक आंकड़ें के मुताबिक पिछले एक साल में 86 हजार लोगों ने ही अपनी संपत्ति का रेंट एग्रीमेंट कराया है जबकि प्रदेश में लाखों की संख्या में लोगों ने अपने घर और संपत्तियों को किराये पर दिया है. बताया जा रहा है कि नए नियम के तहत रेंट एग्रीमेंट के लिए अलग से पोर्टल बनाया जाएगा. जिसका एक तय फॉर्मेट होगा, जिसका प्रिंट आउट भी लिया जा सकेगा या उसे अपने पास सेव करके रखा जा सकेगा. इस फॉर्मेट पर स्टांप चिपकाने के बाद इसे कानूनी मान्यता मिल जाएगी. जिसके आधार पर दोनों पक्षों की तरफ से दावे किया जा सकते हैं. नए एग्रीमेंट एक्ट का प्रस्ताव कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा. इस प्रस्ताव में एक साल तक के रेंट एग्रीमेंट के लिए किराये का दो फीसद स्टाप शुल्क रखने का प्रावधान है. इसके साथ ही दो लाख रुपये तक के किराये पर केवल 500 रुपये का स्टांप शुल्क और पांच लाख रुपये तक के किराये पर 5 हजार रुपये और एक करोड़ तक के किराये पर 20 हजार रुपये के स्टांप शुल्क किए जाने की तैयारी है.

# 60 हजार टन राख उड़ने से रोकेगा देश का पहला बड़ा स्प्रिंक्लर सिस्टम

# 30 हजार लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

अलीगढ़–मुरादाबाद हाईवे हरदुआगंज पावर हाउस के एश ड्रम से बेतहाशा राख उड़ती है। देश का पहला बड़ा स्प्रिंक्लर सिस्टम इस 60 हजार टन राख को उड़ने से
रोकेगा। एएमयू के सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट की मदद से यह प्रोजेक्ट बन रहा है।अलीगढ़ के हरदुआगंज तापीय परियोजना कासिमपुर के एश ड्रम से उड़ने वाली बेतहाशा राख का स्थायी समाधान कराने की तैयारी हो गई है। इससे 10 गांवों के तीस हजार लोगों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। पावर हाउस प्रबंधन, एएमयू के सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट की मदद से देश का पहला अनोखा और बड़ा स्प्रिंक्लर प्रोजेक्ट बनने जा रहा है। जिसकी मदद से राख उड़ने से रोकी जा सकेगी। ऐसा स्प्रिंक्लर प्रोजेक्ट अभी तक देश के किसी भी पावर हाउस में नहीं बना है। यह पहला प्रोजेक्ट है। अलीगढ़–मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर ग्राम नगौला के सामने दो किमी के दायरे में पावर हाउस का एश ड्रम बना है। 140 हेक्टेयर में बने इस राख के पहाड़ में रोजाना लगभग 60 हजार टन राख पहुंचती है। पानी से इसको गीला रखा जाता है, लेकिन वसंत और पतझड़ के मौसम में तेज हवाएं चलने से यह जल्द सूखकर उड़ने लगती है। इसके बाद पूरी गर्मी में यह समस्या रहती है। इसको उड़ने से रोकने के लिए एक बड़ा स्प्रिंक्लर सिस्टम बनाया जाएगा। इस सिस्टम से पानी का छिड़काव कर राख को उड़ने से रोका जाएगा।इसके लिए एएमयू का सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट मॉडल बना रहा है। इसके लिए इलाहाबाद की एक तकनीकी कंपनी से भी बात हो रही है। यह कंपनी एएमयू के इंजीनियरों के साथ मिल कर इस मॉडल पर काम करेगी। इसके बाद निर्माण भी करेगी। महाकुंभ के बाद कंपनी यहां आकर काम शुरू कर देगी। इस प्रोजेक्ट के लिए सर्वे हो चुका है।दस गांवों को मिलेगी धूल से निजात एशड्रम का एरिया लगभग दो किमी की परिधि में है, जिससे आसपास के साढ़े छह किमी के दायरे में राख उड़ती है। इस राख से नगौला, रामपुर, छोटा जवां, बड़ा जवां, सुढियाल, सुमेरा, फरीदपुर, पल्ला कस्थली, कासिमपुर, चाऊपुर सहित दस गांवों के लगभग 30 हजार लोग परेशान रहते हैं। ग्रामीण दशकों से इसके समाधान की मांग कर रहे हैं।पावर हाउस प्रबंधन राख को उड़ने से रोकने के लिए एक प्रोजेक्ट पर गंभीरता से काम कर रहा है। जल्द ही इसका एक मॉडल तैयार करा लिया जाएगा। इसके लिए एएमयू के सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट से तकनीकी मदद ली जा रही है। जल्द ही धरातल पर इसका काम शुरू होगा। –अतुल सक्सेना, मुख्य महाप्रबंधक, कासिमपुर पावर हाउस हरदुआगंज।पावर हाउस के एश ड्रम के चारों ओर एक बड़ा स्प्रिंकलर सिस्टम बनाया जाएगा। इस सिस्टम से एशड्रम के चारों ओर फव्वारों से पानी का छिड़काव किया जाएगा। जिससे राख को उड़ने से रोका जाएगा। इंजीनियर इस पर काम कर रहे हैं। डिजाइन बनाने के लिए साइट सर्वे हुआ है। पूरे देश में अभी तक इस तरह का कोई मॉडल नहीं बना है। यह अपनी तरह का पहला प्रयोग होगा।–प्रो. इजहारुल हक फारूकी, चेयरमैन सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट, एएमयू।70 से 80 हजार टन रोजाना पावर हाउस में बन जाती है राख इसके दो प्रकार होते हैं पहला फ्लाई एश और दूसरा ड्राई एशड्राई एश वहां से एश ड्रम में पहुंचती है, जहां इसे एकत्र किया जाता है एश ड्रम लगभग 140 हेक्टेयर के क्षेत्र में है, जिसमें ए और बी दो भाग हैंएश ड्रम से रोजाना एक हजार टन राख सीमेंट फैक. टरियों में जाती हैएश ड्रम से श्रीसीमेंट, वंडर और अल्ट्रा ट्रैक सीमेंट फैक्टरियां राख ले रहीं हैं पावर हाउस से फ्लाई एश जेके और सुमंगलम सीमेंट सहित अन्य फर्म लेती हैं

## अलीगढ़ में तीसरे दिन अभ्यर्थियों के साथ हुआ हादसा, अंजली, बबली और नीरज पहुंची अस्पताल

अलीगढ़ के महुआखेड़ा थाना इलाके के 45वीं पीएसी वाहिनी में यूपी पुलिस फिजिकल परीक्षा चल रही है। यूपी पुलिस सिपाही भर्ती फिजिकल परीक्षा के तीसरे दिन तीन अभ्यर्थियों के साथ हादसा हो गया। दो महिला अभ्यर्थी अंजली और बबली के दौड़ते वक्त गिरने से पैर में फ्रेक्चर हो गया। महिला अभ्यर्थी नीरज सांस की परेशानी होने के कारण दौड़ते हुए मैदान में गिर गई। अलीगढ़ के अतरौली निवासी अंजली, मथुरा निवासी बबली और हाथरस निवासी नीरज को अस्पताल पहुंचाया गया। यूपी पुलिस सिपाही भर्ती फिजिकल परीक्षा के तीसरे दिन तीन अभ्यर्थियों के साथ हादसा हो गया। दो महिला अभ्यर्थी अंजली और बबली के दौड़ते वक्त गिरने से पैर में फ्रेक्चर हो गया

## समाज कल्याण सेवा संस्थान के कार्यक्रम में बच्चे मचाएंगे धमाल

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अलीगढ़ की ऐतिहासिक राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी के विशाल मंच ष्कृष्ण अंजलि नाट्यशाला ष पर समाज कल्याण सेवा संस्थान ट्रस्ट के द्वारा बच्चों का मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें नन्हे– मुन्ने बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक देशभक्ति,लोकगीत,होली की झलक एवं नए पुराने गीतों का संगम होगकार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय महापौर श्री प्रशांत सिंहल ,अति विशिष्ट अतिथिशहर विधायक श्रीमती संजीव मुक्त राजा,कॉल विधायक श्री अनिल पाराशर, अपर जिलाधिकारी नगर श्री अमित कुमार भट्ट , विशिष्ट अतिथि विनीत गर्ग, डॉ अंजुला भार्गव ,डॉक्टर अभिनेश शर्मा, डॉक्टर अनुज गोविंद, डॉक्टर मेराज अली , डॉक्टर संजीव कुमार, महर्षि गौतम परिवार के संस्थापक परमेंद्र गौतम होंगे! संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक राजेश गौड़ ने बताया कि संस्था का सांस्कृतिक कार्यक्रम 23 फरवरी 2025 रविवार को शाम 8रू00 बजे से आयोजित किया जाएगा ! कार्यक्रम में लकी ड्रॉ द्वारा 10 भाग्यशाली विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा साथ ही कार्यक्रम में प्रमुख समाज सेवी ,भूतपूर्व सैनिक एवं स्वतंत्रता सेनानी परिवार के सम्मानित व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा एवं प्रत्येक दर्शक को आकर्षक गिफ्ट भी दिए जाएंगे !

## बॉक्सिंग में सरस्वती विद्या मंदिर ने किया शानदार प्रदर्शन

अलीगढ़ |विद्या भारती से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेन्डरी स्कूल,खैर मार्ग के 25 विद्यार्थियों ने 9 से 10 फरवरी तक मदरसा चाचा नेहरू में अलीगढ़ महोत्सव के अंतर्गत आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए 17 पदक प्राप्त किए और अब सभी बालक वर्ग के सब जूनियर प्रतिभागी आगामी प्रतियोगिता हेतु लखनऊ में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे |इसमें मुस्कान,कनक, फतेह सिंह,हिमांशु,हर्ष कुमार और यामिनी चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि मनु ठाकुर,आकाश सिंह,प्रिंस सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं प्राची चौधरी,वैशाली शर्मा,मोहित,सागर प्रजा. पति,नैतिक शर्मा,देव सारस्वत,प्राची चौधरी,शोभित और धैर्य प्रताप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया |इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक डॉ.राजीव अग्रवाल ने कहा कि बॉक्सिंग में पदक हासिल कर विद्यार्थियों ने सभी को गौरवान्वित पल दिया है और उन्हें खुशी है कि इस विद्यालय के विद्यार्थी हर स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं |विद्यालय के प्रधानाचार्य यशवीर सिंह ने कहा कि इन सभी विद्यार्थियों ने विद्यालय के साथ जिले का नाम रोशन किया है और खेल स्पर्धा विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास करती हैं साथ ये सभी विद्यार्थी बधाई के पात्र हैं |उप प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने कहा कि इस विद्यालय के विद्यार्थी नि. रंतर बॉक्सिंग में सफलता अर्जित कर रहे हैं और उन्हें विश्वास है कि आगामी समय में ये विश्व स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवायेंगे |बॉक्सिंग कोच हितेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में सभी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया और शारीरिक विभाग प्रमुख नवीन कुमार,राज. कुमार सिंह और प्रतिभा जादौन ने भी अपनी खुशी जाहिर की |

## नुमाइश के मुक्ताकाश मंच पर समन्वय . सम्मेलन आयोजित किया गया

अलीगढ़ |उद्योग व्यापार संगठन के बैनर तले मुक्ताकाश मंच पर व्यापारी पार्षद समन्वय सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें अलीगढ़ जनपद के समस्त क्षेत्र से पार्षदों का आगमन हुआ। इस दौरान 134 पार्षदों की उपस्थिति रही जिसमें अतरौली,खैर,कौड़ियागंज,जट्टारी, हरदुआगंज और प्रमुख रूप से अलीगढ़ महानगर के पार्षद सम्मिलित हुए |यहां पर समन्वय सम्मेलन में व्यापारियों और पार्षदों ने अपने उदबोधन में कहा कि अलीगढ़ महानगर एवं जनपद की सभी नगर पंचायत नगर पालिका परिषद के सभासदों ने अपने–अपने क्षेत्र में लगे बाजारों में व्यापारियों की समस्याओं को समझ और सुनकर व उनका सहयोग लेकर सफाई व्यवस्था,जल व्यवस्था, नाली से सिल्ट निकाले जाने की व्यवस्था और पथ प्रकाश व्यवस्था को संज्ञान में लेते हुए सहयोग प्रदान करें |इस दौरान मंडल प्रभारी अनुराग गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि महानगर के पार्षद विशेष ध्यान दें कि बाजारों में खुले पड़े नल व्यापारियों को और आम जनता को परेशानी में डाल रहे हैं और नगर निगम के कर्मचारी सड़क का कूड़ा झाड़ कर नाले में सरका देते हैं जबकि इसका समाधान बाजारों को साफ रखने में किया जाए उन्होंने यह भी कहा कि संगठन द्वारा सिल्ट का विरोध किया गया था और सभी से यह प्रार्थना भी करेंगे कि सिल्ट को सड़क पर न निकलने दें और आपसी संवाद में यह निश्चित हुआ कि दोनों पक्ष व्यापारी एवं पार्षद बंधु हर तिमाही बैठक कर अपने अपने क्षेत्र की सफाई से संबंधित
व नगर निगम से संबंधित समस्याओं का आकलन कर निस्तारण किया करेंगे |इस दौरान मंच का संचालन प्रभात रजनीश द्वारा किया गया और इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव के द्वारा की गई साथ ही कार्यक्रम के संयोजक महानगर अध्यक्ष हरिकिशन बैटरी वाले एवं पुष्पेंद्र जादौन पार्षद रहे और सहसंयोजक संजय पंडित,नितिन वार्ष्णेय और प्रशांत वार्ष्णेय रहे |इस दौरान यहां पर महानगर प्रभारी राजीव अग्रवाल,वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवीन गुप्ता पिंटू,चिकित्सक संघ के जिला प्रभारी डॉ.नवनीत वार्ष्णेय,युवा महानगर अध्यक्ष विपिन गुप्ता और युवा प्रभारी राहुल वार्ष्णेय मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## छात्राओं के झगड़े में खेल का मैदान बना अखाड़ा पानी को लेकर दो गुटों में चले लात–घूंसे, करना पड़ा बीच–बचाव

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में बुधवार को नुमाइश मैदान में चल रही रस्साकशी प्रतियोगिता के दौरान पानी के पाउच को लेकर छात्राओं के दो गुटों में जमकर लात–घूंसे चले। आयोजकों ने बीच–बचाव कराया। अलीगढ़ महोत्सव के तहत खेलकूद प्रतियो. गिताएं हो रही हैं। इसी के तहत नुमाइश मैदान पर रस्साकशी प्रतियोगिता चल रही थी। दोपहर करीब 3रू15 बजे मैच के दौरान पानी के पाउच को लेकर छात्राएं आपस में भिड़ गईं। एक छात्रा ने पानी का पाउच ले लिया। दूसरी छात्रा ने उससे पाउच मांगा, लेकिन उसे मना कर दिया, इस पर उसने पाउच न देने वाली छात्रा को गाली दे दी।गाली सुनते ही साथ की छात्राएं भड़क गईं। इसके बाद दोनों कॉलेज की छात्राएं आमने–सामने आ गईं और जमकर उनमें लात–घूंसे चले। आयोजकों ने बीच–बचाव कराया। लात–घूंसा चलाने वालीं छात्राएं टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज और चिरंजीलाल इंटर कॉलेज की हैं।

## पूर्व विधायक विवेक बंसल से ग्राम दभा दभी के जलाशे पर . पहुंचकर स्थिति का अवलोकन करने का अनुरोध किया



हरितिमा पर्यावरण सुरक्षा समिति के अध्यक्ष श्री सुबोध नंदन शर्मा ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक झील, पोखर, तालाबों की अलीगढ़ जनपद में कोई कमी नहीं है लेकिन देखरेख के आभाव में कई बड़े–बड़े जलाशय अतिक्रमण और प्रदूषण से ग्रस्त हैं, ऐसी स्थिति में भी जनपद में जलाशय आज भी संपन्नता के साथ दिखाई पड़ जाते हैं जिसका उदाहरण विकास खंड अकराबाद के अंतर्गत ग्राम दभा दभी का जलाशय है, जहां जलकुंभी के बा. वजूद जलाशय में आज भी हजारों की संख्या में पक्षी विद्यमान हैं, यदि प्रशासन थोड़ा सा भी इस और ध्यान दें तो उसमें मौजूद जलकुंभी को हटाया जा सकता है और पक्षियों की संख्या में और बढ़ोतरी हो सकती है । इसी समस्या को लेकर आज प्रशासन का इस ओर ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से सुबोध नंदन शर्मा ने पूर्व विधायक विवेक बंसल से ग्राम दभा दभी के जलाशे पर पहुंचकर स्थिति का अवलोकन करने का अनुरोध किया । विवेक बंसल आज अपने सहयोगियों के साथ ग्राम दभा दभी पहुंचे और उन्होंने वहां के जलाशय का अवलोकन किया । विवेक बंसल ने कहा कि इस जलाशय में मौजूद जलकुंभी को हटाने के लिए मैं प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता करूंगा और इसे हटवाऊंगा । ग्राम प्रधान अखिलेश यादव ने आश्वासन दिया कि वे उनके इस कार्य में अपना पूर्ण सहयोग करेंगे । इस अवसर पर उपस्थित लोगों में कांग्रेस नेता अखिलेश शर्मा, डॉ विवेक उपाध्याय, दिवाकर उपाध्याय, घनश्याम सिंह यादव के साथ–साथ काफी अन्य प्रमुख ग्रामीण जन उपस्थित थे

## शत्रु संपत्ति पर खड़े हो गए बाजार, अफसर खेल रहे ये जिम्मेदार–वो जिम्मेदार

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में बुधवार को नुमाइश मैदान में चल रही रस्साकशी प्रतियोगिता के दौरान पानी के पाउच को लेकर छात्राओं के दो गुटों में जमकर लात–घूंसे चले। आयोजकों ने बीच–बचाव कराया। अलीगढ़ महोत्सव के तहत खेल. कूद प्रतियोगिताएं हो रही हैं। इसी के तहत नुमाइश मैदान पर रस्साकशी प्रतियोगिता चल रही थी। दोपहर करीब 3रू15 बजे मैच के दौरान पानी के पाउच को लेकर छात्राएं आपस में भिड़ गईं। एक छात्रा ने पानी का पाउच ले लिया। दूसरी छात्रा ने उससे पाउच मांगा, लेकिन उसे मना कर दिया, इस पर उसने पाउच न देने वाली छात्रा को गाली दे दी। गाली सुनते ही साथ की छात्राएं भड़क गईं। इसके बाद दोनों कॉलेज की छात्राएं आमने–सामने आ गईं और जमकर उनमें लात–घूंसे चले। आयोजकों ने बीच–बचाव कराया। लात–घूंसा चलाने वालीं छात्राएं टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज और चिरंजीलाल इंटर कॉलेज की हैं। इसके बाद तहसीलों में शत्रु संपत्तियों की फाइलें खंगाली जा रही हैं। जिले की खैर तहसील में 27, कोल तहसील में 17 और गभाना तहसील में एक शत्रु संपत्ति है। मंगलवार को भी तहसीलों के कर्मचारी शत्रु संपत्तियों की फाइलें खंगालने में लगे रहे।शत्रु संपत्ति के स्वरूप को नहीं बदला जा सकता। इस तरह की शिकायतें मिली हैं, जिनकी जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियम के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।– संजीव रंजन, जिलाधिकारी शत्रु संपत्तियों पर अवैध कब्जों को लेकर मंगलवार को डीएम से मुलाकात की है। डीएम ने एसडीएम कोल से जांच कराकर कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया है



# हाथरस में सपा की पीडीए चौपाल का आयोजन हुआ

हाथरस के गांव लहरा में समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित पीडीए चौपाल में प्रदेश की वर्तमान स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। चौपाल की अध्यक्षता हरि सिंह काका ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सपा प्रदेश कमेटी सदस्य रामनारायण काके उपस्थित रहे। काके ने जनपद की बदहाल स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अधिकांश गांवों में सड़कें खराब हैं और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता नहीं है। उन्होंने बताया कि गरीबों को विधवा और वृद्धा पेंशन नहीं मिल रही है। साथ ही, जनपद में बढ़ती अपराधिक घटनाओं और प्रशासनिक भ्रष्टाचार पर भी चिंता जताई।किसानों की समस्याओं को उठाते हुए उन्होंने कहा कि सिंचाई के लिए नहरों में पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है और बिजली की आपूर्ति भी अपर्याप्त है। युवाओं और छात्रों के लिए रोजगार के अवसरों की कमी और पेपर लीक जैसी समस्याओं को भी उठाया गया। अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष हाजी नवाब हसन ने मुस्लिम समुदाय के खिलाफ झूठे आरोपों और सांप्रदायिक मुद्दों पर चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नेताओं जैसे सचिन गौरी शंकर बघेल, रूप किशोर कश्यप, पूर्व नगर अध्यक्ष ताराचंद कुशवाहा, और अन्य लोगों ने अपने विचार रखे।

## खाटू श्यामजी दर्शन करने जा रहे थे, सीकर में . कार पलटी, 3 बच्चों समेत 6 लोग घायल

हाथरस के क्षेत्र पंचायत सदस्य और उनकी पत्नी की मौत हो गई। हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव एंहन के बीडीसी सदस्य 35 वर्षीय अजीत सिंह अपने परिवार और मित्र के साथ खाटू श्यामजी के दर्शन के लिए जा रहे थे।श्रीमाधोपुर के खंडेला रोड स्थित रलावता टोल के पास सुबह करीब 4 बजे उनकी कार पहले डिवाइडर से टकराई और फिर टोल बॉक्स में जा घुसी। इस हादसे में अजीत सिंह और उनकी पत्नी 30 वर्षीय सीमा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में अजीत की बेटी डिंपी (9), वर्षा (15), बेटा शिवम (12) के साथ-साथ उनके दोस्त रवि (40), उनकी पत्नी निशा (30) और उनका बेटा दिव्यांश गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिछले कुछ समय से आगरा में रह रहे अजीत सिंह और उनकी पत्नी की अचानक हुई मौत की खबर से गांव में शोक की लहर छा गई है।

## हाथरस में मौसम परिवर्तन के कारण हृदय रोगियों की स्थिति चिंताजनक

हाथरस में मौसम परिवर्तन के कारण हृदय रोगियों की स्थिति चिंताजनक हो गई है। जिले में साइलेंट हार्ट अटैक के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। खंदारी गढ़ी के 60 वर्षीय श्यामलाल की मौत हो गई, वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़े और जिला अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई।स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जिला अस्पताल और सरकारी एमडीटीबी अस्पताल में प्रतिदिन हृदय और श्वसन संबंधी बीमारियों से पीड़ित लगभग 100 मरीज पहुंच रहे हैं। चिंता की बात यह है कि जिला अस्पताल में कोई कार्डियोलॉजिस्ट नहीं है और फिजीशियन ही इन मरीजों का इलाज कर रहे हैं। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सूर्य प्रकाश के अनुसार, शाम से सुबह तक की सर्दी और दिन में तेज धूप के कारण हृदय रोगियों की समस्याएं बढ़ गई हैं। डॉक्टरों ने विशेषकर बुजुर्गों को सावधान रहने की सलाह दी है। मरीजों को गर्म कपड़े पहनने, नियमित रूप से रक्तचाप की जांच करवाने और संतुलित आहार लेने की सलाह दी गई है।

## देर रात्रि अज्ञात चोरों ने बीड़ी गुटके की दुकान से हजारों रुपए का माल किया पार

थाना हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के इगलास रोड शिव मंदिर के सामने देसी शराब के ठेके के पास एक विकलांग व्यक्ति आविद काट का खोखा रखकर अपना भरड़ पोषण कर रहा था रोज की तरह रात 10 बजे अपनी दुकान के ताले लगाकर गया था अज्ञात चोरों द्वारा देर रात्रि चोरों ने दुकान के पीछे से काट कर बीड़ी गुटके व कोल्डिंग व नगदी लेकर हो गए फरार काट के घोखे के कुछ ही दूरी पर गल्ला पड़ा मिला गल्ले के सारे पैसे गायब थे कुछ कागज व पर्चियां बिखरी हुई पड़ी थी दुकान स्वामी आविद ने मौके पर 112 पर सूचना दी मौके पर पुलिस पहुंच गई, हाथरस पुलिस चोरों पर नहीं लग पा रही है लगाम आज से लगभग 10 दिन पूर्व एक। मोबाइल की दुकान पर भी हुई थी चोरी उसका अभी तक नहीं हुआ खुलासा 10 दिन गुजरे नहीं एक गरीब विकलांग व्यक्ति के दुकान को काट कर समान को लेकर कर हो गए फरार अब देखना होगा पुलिस चोरों पर लगाम लगा पाती है या नहीं या फिर इसी तरह चोर पुलिस को चुनौती देते रहेंगे,

## हाथरस के सादाबाद तहसील में कोतवाली सहपऊ पुलिस ने ग्राम पंचायत थरौरा के प्रधान पद उपचुनाव से पहले बड़ी कार्रवाई

हाथरस के सादाबाद तहसील में कोतवाली सहपऊ पुलिस ने ग्राम पंचायत थरौरा के प्रधान पद उपचुनाव से पहले बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नकली क्यूआर कोड वाली तीन पेटी शराब जब्त की है। इस मामले में प्रधान पद के प्रत्याशी नीरज कुमार और उसके दोस्त अमित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।पुलिस और आबकारी विभाग की टीम को शक है कि शराब पर लगे क्यूआर कोड नकली हैं और यह शराब किसी लोकल फैक्ट्री में बनाई गई है। शराब के जहरीली होने की आशंका को देखते हुए नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। क्षेत्राधिकारी हिमांशु माथुर ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि थरौरा में होने वाले प्रधान पद के उपचुनाव में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए शराब और पैसे का वितरण किया जा सकता है। इस सूचना पर पुलिस ने पहले से ही निगरानी बढ़ा दी थी और शराब की खेप को गांव पहुंचने से पहले ही पकड़ लिया। गौरतलब है कि थरौरा ग्राम पंचायत में 19 फरवरी को होने वाले प्रधान पद के उपचुनाव के लिए 6 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए हैं। पुलिस की यह कार्रवाई स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## हाथरस के मुरसान स्थित राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर महान संत रविदास और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया

हाथरस के मुरसान स्थित राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर महान संत रविदास और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दोनों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में वक्ताओं ने संत रविदास के समाज सुधार के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण योगदान को याद किया। साथ ही, चौधरी अजीत सिंह को उनके द्वारा सड़क से संसद तक किसानों के हितों के लिए लड़ी गई लड़ाई को याद किया गया।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद..राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष श्याम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रूपसे सादाबाद के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गिरेंद्र चौधरी, वरिष्ठ नेता प्रवीण पौनिया, जिला पंचायत सदस्य ईशान चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष केशव चौधरी और धर्मवीर चौहान उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला उपाध्यक्ष मुनमुन चौहान, जिला महासचिव बंटी भईया, सलीम कुरैशी, प्रमोद गोवरा, जिला सचिव सर्वेश बघेल, युवा जिलाध्यक्ष महिपाल चौधरी समेत कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवक का मिला शव, कनपटी पर गोली .का निशान, पुलिस जांच में जुटी



हाथरस में सिकंदराराऊ के पुरदिलनगर रोड पर 12 फरवरी की सुबह बंबे की पटरी पर पुरदिलनगर निवासी 30 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला है। युवक की दाईं कनपटी पर गोली का निशान है। शव के पास स्कूटी खड़ी मिली है, साथ ही वहां तमंचा भी पड़ा मिला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अभिषेक माहेश्वरी उर्फ हैप्पी पुत्र शैलेंद्र महेश्वरी पुरदिलनगर में मोबाइल की दुकान करता था। 11 फरवरी की रात्रि 9 बजे वह दुकान बंद करके कहीं चला गया। पूरी रात परिजन फोन पर संपर्क करने की कोशिश करते रहे, लेकिन घंटी बजती रही, फोन नहीं उठाया। 12 फरवरी की सुबह 8 बजे राहगीरों ने सूचना दी कि पुरदिलनगर के बंबे की पटरी पर एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर कोतवाली पुलिस और पुलिस क्षेत्र अधिकारी श्यामवीर सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है।

## सिकंद्राराऊ बंडल नगर रोड स्थित नहर . के पास पड़ा मिला

सिकंद्राराऊ : कोतवाली क्षेत्रीय अंतर्गत कुरील नगर निवासी एक युवा व्यापारी का शव सिकंद्राराऊ बंडल नगर रोड स्थित नहर के पास पड़ा मिला। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस आत्महत्या एवं हत्या दोनों पहलुओं पर को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।कस्बा पुरदिलनगर निवासी अभिषेक माहेश्वरी पुत्र शैलेंद्र महेश्वरी उम्र 34 वर्ष कस्बा में मोबाइल की दुकान चलाता था। मंगलवार की रात्रि 8:30बजे अभिषेक माहेश्वरी अपने घर से बाजार के लिए निकला था। देर रात्रि तक घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और परिजनों ने उसके मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ था। रात भर परिजन अभिषेक की तलाश में परेशान रहे। आज सुबह राहगीरों ने सिकंदराराऊ पुरदिलनगर रोड स्थित नहर के पास एक युवक का शव पड़ा देखा तो कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी श्यामवीर सिंह एवं कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार राठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। शव मिलने की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन एवं कस्बा के लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर आ गए। परिजनों ने मृतक की शव की शिनाख्त अभिषेक माहेश्वरी के रूप में की। घटनास्थल पर मृतक की स्कूटी एवं एक तमंचा मौके पर पड़ा हुआ था। मृतक के दाहिनी कनपटी पर गोली लगी है। पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। डॉग स्क्वॉड को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। पुलिस ने मृतक के लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

## हाथरस में किसान महा पंचायत में बोले- किसानों की जमीन जबरन छीन रही सरकार

हाथरस के सिकंद्राराऊ कस्बे में आयोजित भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत में किसान नेता राकेश टिकैत ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। क्रीडा स्थल पर आयोजित इस पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे टिकैत ने कहा कि वर्तमान सरकार पूंजीपतियों के हाथों में है। टिकैत ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए कहा कि आज किसानों की जमीन की कोई कीमत नहीं रह गई है।उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों से जबरन जमीन छीनी जा रही है। उन पर बिजली के खंभे लगाए जा रहे हैं। बिजली के निजीकरण को लेकर चिंता जताते हुए उन्होंने इसे एक बड़ी साजिश करार दिया। किसान नेता ने एमएसपी कानून लागू करने और स्वामीनाथन समिति की रिपोर्ट को अमल में लाने की मांग की।उन्होंने किसानों से अपील की कि वे किसी विशेष दल को नहीं, बल्कि किसान हित में काम करने वाले प्रत्याशी को वोट दें। ट्रैक्टरों के मुद्दे पर टिकैत ने कहा कि सरकार भले ही इन्हें अनुपयोगी घोषित कर दे, लेकिन किसान इनका उपयोग करते रहें। धरना-प्रदर्शनों में ट्रैक्टर लेकर आएं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव ओमपाल सिंह, विमल तोमर, सुंदर सिंह बालियान समेत कई किसान नेता मौजूद रहे। पंचायत की अध्यक्षता श्री. निवास यादव ने की।

## संत रविदास जयंती के अवसर पर एम0एल0डी0वी0 पब्लिक इण्टर कालेज में हुआ संगोष्ठी का आयोजन

हाथरस। श्यामकुंज स्थित एम0एल0डी0वी0 पब्लिक इण्टर कालेज में संत रविदास जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य संत रविदास द्वारा समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने वाले प्रयासों व उनकी शिक्षाओं को याद करना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्था के डायरेक्टर स्वतंत्र कुमार गुप्त प्रधानाचार्या पूनम वार्ष्णेय व संस्था के प्रशासनिक प्रमुख हर्षित गुप्ता (एड0) द्वारा संत रविदास के छविचित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गयासंगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए संस्था के डायरेक्टर स्वतंत्र कुमार गुप्त ने कहा कि संत रविदास ने समाज में व्याप्त जातिवाद का विरोध किया व मानवमात्र को समान बताया। संत रविदास एक महान भक्त संत, समाज सुधारक, कवि थे। उनके द्वारा दिया गया प्रेम, एकता और भक्ति का संदेश आज भी लोगों व को प्रेरित करता है। उनके दोहे आज भी प्रांसगिक है और मानवता को सही दिशा दिखाते हैं। संत रविदास जयंती पर हमें उनके संदेशों को आत्मसात कर समाज में सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देना है। संस्था के प्रशासनिक प्रमुख हर्षित गुप्ता (एड0) ने कहा कि संत रविदास भक्ति आंदोलन के प्रमुख संत थे, जिन्होंने निष्काम प्रेम व मानव सेवा पर बल दिया। गुरू नानक देव, मीराबाई जैसे महान व्यक्तित्वों ने उन्हीं के द्वारा आध्यत्मिक प्रेरण ली। उनके द्वारा रचित अनेक पद, दोहे सिक्खों के पवित्र ग्रन्थ, गुरू ग्रन्थ साहिब में संकलित है।कार्यक्रम को सफल बनाने में उप-प्रधानाचार्या शाजिया रफीक खान, कार्डिनेटर डॉ0 रेखा जादौन, ललिता पाठक, ज्योति शर्मा, मुस्कान शर्मा, निधि शर्मा, सारिका गुप्ता, रिया जैन, निधि अरोरा, प्राची शर्मा, मानसी वर्मा, मोनिका दुबे, अंकित वार्ष्णेय, मौ0 दानिश, ई0 ललिता कुलश्रेष्ठ, संजय मिश्रा, राधा सारस्वत, गिरीश वर्मा,रिचावार्ष्णेय, गीता गौतम, जीतेन्द्र कुमार, प्रियंका जैन, हिमांशु वार्ष्णेय, कमलकान्त शर्मा, पुनीत वार्ष्णेय, पुनीत कुमार गुप्ता, जीतू अरोरा,राजेन्द्र प्रसाद, सत्यवती आदि का सहयोग रहा। अंत में संस्था के डायरेक्टर स्वतंत्र कुमार गुप्त ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

पीड़ित ध्यान दें
आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण
उत्पीड़न का शिकार हैं
आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही
आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई
सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो
तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे
के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी
मिलें।
'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर
स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र
वाले का पूरा नाम एवं पता
आवश्यक है। इसे पूर्णतः गोपनीय रखा
जाएगा।
मो. 8218049162
mail: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com

# किसान को टोकना दरोगा को पड़ा भारी, फोड़ा सिर




कासगंज। कोतवाली क्षेत्र के मोहनपुरा मंड़ी मारहरा तिराहा पर दोपहर में रॉग साइड पर बैलगाड़ी लेकर जा रहे किसान को टोकना दरोगा को भारी पड़ गया। दोनों की बीच हुए विवाद में किसान ने डंडा मार कर दरोगा का सिर फोड़ दिया। मामले में आरोपी किसान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। गांव कांतौर निवासी कल्लू सिंह मंगलवार की दोपहर समय करीब 1.40 बजे बैलगाड़ी में मटर लादकर मोहनपुरा मटर मंडी आया था। उसी दौरान वह बैलगाड़ी को आगे निकालने के चक्कर में रॉग साइड पर जाने लगा। मंडी पर तैनात दारोगा संजीव तिवारी ने उसे दूसरी साइड से जाने से मना किया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। कल्लू सिंह ने दरोगा कि सिर पर डंडा से प्रहार कर दिया। इससे उसके सिर में चोट आ गई। दोनों के बीच विवाद होने पर भीड़ एकत्रित हो गई और जाम के हालात बन गए। सूचना पर अन्य पुलिस कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस कर्मियों ने आरोपी किसान को अपनी हिरासत में ले लिया। पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा। मामले में दरोगा ने आरोपी किसान के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी।

## कासगंज के प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की

कासगंज के प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी मेधा रुपम और पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।प्रभारी मंत्री ने जिले में विकास कार्यों की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा व्यापारियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में व्यापारियों के लिए उद्योग स्थापना हेतु भूमि चिन्हित करने पर भी चर्चा हुई। प्रभारी मंत्री ने बताया कि बैठक में बिजली आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। इन सभी क्षेत्रों में सुधार के लिए विशेष कार्य योजना बनाई जाएगी। जिले में विकास कार्यों को गति देने के लिए सभी विभागों को समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार जनहित में हर स्तर पर काम कर रही है।

## कासगंज: होलिका दहन को लेकर सराय जुन्नादार में तनाव बरकरार, ड्रोन कैमरों से हो रही निगरानी





सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव सराय जुन्नारदार में होलिका स्थल को लेकर दो समुदाय के बीच तनाव बढ़ रहा है। एक पक्ष होलिका स्थल निर्धारित करने को लेकर अढ़ा हुआ है, और गांव में घर बिकाऊ के पोस्टर तक चस्पा कर दिए हैं। दोनों समुदाय के बीच पैदा हो रहे तनाव को लेकर प्रशासन भी अलर्ट है। एसडीएम, सीओ, कोतवाल, तहसीलदार ने गांव में पहुंच कर पैदल मार्च किया। दोनों समुदाय के लोगों को समझाने का प्रयास किया। साथ ही ड्रोन कैमरा के माध्यम से निगरानी की जा रही है। सुरक्षा को लेकर गांव में पुलिस बल तैनात है।गांव जुन्नारदार मुस्लिम बाहुल्य गांव है, ग्राम समाज की जमीन के बराबर में ही मस्जिद मौजूद है। कई सालों से यहां होलिका रखने को लेकर विवाद चला आ रहा है। बताया गया है कि मस्जिद के गेट से 20 मीटर पहले होलिका दहन होता था, लेकिन इस पर दूसरे समुदाय के लोगों ने आपत्ति जता. ई। लिहाजा बाद में स्थान परवर्तित हुआ। होलिका सरकारी स्कूल के पास रखी जाने लगी। मगर यहां भी आंग. नबाडी केंद्र बन गया और जगह नहीं बची। लोगों ने होलिका को पुराने स्थान पर रखने की मांग की है। जिससे दोनों समुदाय के बीच तनाव पैदा हो गया। होलिका दहन का स्थान निर्धारित नहीं होने पर गांव में होली नहीं मनाने की चेतावनी दी थी। अब अपने–अपने घरों पर मकान बिकाऊ का पोस्टर लगा दिया है। जिससे दोनों के समुदाय के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। मंगलवार को गांव में एसडीएम संजीव सिंह, सीओ आंचल चौहान, कोतवाल जगदीश चंद्र तहसीलदार के साथ गांव में पहुंच गए। जहां तनाव को लेकर स्थिति को भापा। ड्रोन कैमरा से निगरानी करते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। साथ ही दोनों के समुदाय के संभ्रांत लोगों के साथ बैठ कर समझाने का प्रयास किया, लेकिन हिन्दू समुदाय के लोग पुराने स्थल पर ही होलिका रखने की जिद पर अड़े हुए हैं। गांव में मंगलवार को सुरक्षा के मददेनजर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

## कासगंज जिले में बुधवार को एक सड़क हादसा


कासगंज जिले में बुधवार को एक सड़क हादसा हुआ। कोतवाली सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र के गांव वरी बगवास के पास गंगा स्नान से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर–ट्राली पलट गई। इस हादसे में ट्राली में सवार 35 लोग घायल हो गए।घटना गंजडुंडवारा कोतवाली क्षेत्र के मंगदपुर गांव के निवासियों के साथ हुई। एसडीएम विमल कुमार के अनुसार, श्रद्धालु कादरगंज से लौट रहे थे। इस दौरान ट्रैक्टर चालक ने एक ऑटो को बचाने की कोशिश में ट्राली को अनियंत्रित कर दिया, जिससे वह पलट गई।घायलों में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हैं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी गंजडुंडवारा में भर्ती कराया गया। इनमें से 10 लोगों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। विशेष रूप से 5 बच्चों की स्थिति चिंता. जनक बताई जा रही है।हादसे की सूचना मिलते ही एसडीएम विमल कुमार अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। प्रशासन की ओर से सभी घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

## उत्तर प्रदेश के एटा जिले में एक बड़ा हादसा टला

उत्तर प्रदेश के एटा जिले में एक बड़ा हादसा टल गया। लिप्टन चौकी क्षेत्र के कासगंज रोड पर रारपट्टी गांव के पास एक तेज रफ्तार लोडर का टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन लोडर में लदी लगभग 40 कुंतल गाजर सड़क पर बिखर गई। घटना उस समय हुई जब गाजर से भरा लोडर छर्रा से कानपुर की ओर जा रहा था। अचानक टायर फटने से चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और लोडर पलट गया। बिखरी हुई गाजर की कीमत लगभग तीस हजार रुपये बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हाइवे से लोडर को हटवाकर एक किनारे खड़ा करवाया।लोडर के चालक वीरेश कुमार, जो कासगंज के नगला भूड़ के रहने वाले हैं, ने बताया कि हादसे में गाड़ी की बॉडी को नुकसान पहुंचा है, लेकिन उनकी सूझबूझ के कारण कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और यातायात को सुचारू किया गया है।

**जननायक सम्राट**
**हिंन्दी साप्ताहिक**
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा

## साईकिल से से तीर्थ नगरी सोरों पहुंचे विदेशी श्रद्धालु ने भगवान वराह के किए दर्शन



कासगंज।संवावदाता इंद्रपाल प्रयागराज महाकुंभ की छठ विदेशियों को भा रही है। ऐसा नजारा तीर्थ नगरी सोरों में देखने को मिला। जहां नीदरलैंड से प्रयागराज महाकुंभ को स्नान को साइकिल से यात्रा कर रहे विदेशी श्रद्धालु तीर्थ नगरी सोरों शूकर क्षेत्र पहुंचे। जहां उन्होने हरि की पैड़ी सहित भगवान वाराह के किए दर्शन एवं वाराह गढ़ सभा ने विदेशी तीर्थ यात्री को सम्मानित किया एवं तीर्थ की महिमा बताई। सोरों पहुंचे नीदरलैंड निवासी आदरीया ने बताया कि साइकिल से दिल्ली के रास्ते होते हुए तीर्थ नगरी सोरों शूकर क्षेत्र पहुंचे, वहीं आदरीया ने बताया कि वह साइकिल से यात्रा कर रहे हैं, प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करते हुए वह उत्तराखंड केदारनाथ चार धाम यात्रा करेंगे, तीर्थ नगरी पहुंचने पर उन्होंने सर्वप्रथम हरि की पैड़ी गोस्वामी तुलसीदास एवं भगवान वाराह की दर्शन किए। वराह मंदिर में वराहगण सभा के मुकेश निर्भय आकाश उपाध्याय ने विदेशी श्रद्धालु आदरिया को सम्मानित किया और तीर्थ के बारे में जानकारी दी। वही दर्शन करने के बाद आधार या बरेली की ओर साइकिल से निकल गए।

## एटा जिला न्यायालय में पर पुलिस अधीक्षक राजकुमार . सिंह ने औचक निरीक्षण

एटा जिला न्यायालय में पर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने न्यायालय परिसर की समग्र सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य प्रवेश द्वार पर स्थापित स्कैनर और मेटल डिटेक्टर की कार्यप्रणाली की गहन जांच की गई।एएसपी ने न्यायालय परिसर का व्यापक भ्रमण किया और सभी सुरक्षा उपकरणों का निरीक्षण किया। उन्होंने न्यायालय के प्रवेश द्वार पर लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमता की जांच की और कंट्रोल रूम का भी बा. रीकी से अवलोकन किया। सुरक्षा को और अधिक कड़ा बनाने के लिए परिसर में खड़े वाहनों की डिग्गी और डस्टबिनों की भी जांच की गई।निरीक्षण के दौरान एएसपी ने अधिवक्ताओं से भी विचार–विमर्श किया और न्यायालय आने–जाने वाले लोगों की सघन जांच सुनिश्चित की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चाक–चौबंद रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को विशेष दिशा–निर्देश दिए। यह कार्रवाई न्यायालय परिसर की सुरक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## दवा लेकर लौट रही महिला की बाइक से गिरकर मौत

एटा। थाना पिलुआ के गांव गंभीरपुर निवासी एक महिला मंगलवार को पति के साथ दवा लेकर मुख्यालय से वापस लौट रही थी। रास्ते में बाइक से गिरकर उसकी मौत हो गई।थाना पिलुआ निवासी इंद्रवीर सिंह ने बताया कि वह मंगलवार की देर शाम पत्नी नीरज देवी (45) को एटा से दवा दिलाकर घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में कस्बा के समीप ही चक्कर आने की वजह से वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से एंबुलेंस के माध्यम से लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां चिकित्सक ने नीरज देवी को मृत घोषित कर दिया। घर में चीखपुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरा, लेकिन परिजन ने पोस्टमार्टम नहीं कराया और शव को ले गए।सड़क हादसों में 7 घायल एटा। अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में 7 लोग घायल हुए हैं, इनका मेडिकल कॉलेज में ही उपचार चल रहा है। कपिल निवासी बुढ़ाना मुजफ्फरनगर, लकी निवासी कुशवाहा नगर, करन कटरा मोहल्ला और इरफान किदवई नगर थाना कोतवाली नगर, अंकुर और पप्पू निवासी मोहन नगर थाना एका जिला फिरोजाबाद व रामेश्वर सिंह निवासी नगला केवल थाना कोतवाली देहात घायल हुए हैं।

## चाय और चावल के भगोने में गिरकर दो बालिकाएं झुलसीं

एटा। शहर के कैलाशगंज में चावल बनते समय भगोने के ऊपर गिरकर 2 साल की मासूम बालिका घायल हो गई। वहीं, थाना सकीट के गांव मुबारकपुर सराय में गर्म चाय गिरने से 6 वर्षीय बालिका झुलस गई। कैलाशगंज निवासी नईम ने बताया कि घर पर चावल बन रहे थे। तभी 2 वर्षीय बेटी एजिया खेलते हुए रसोई में पहुंच गई। पैर फिसलने से वह चावल के भगोने के ऊपर गिर गई। जिसके चलते बुरी तरह से झुलस गई। गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज लाए, यहां उपचार चल रहा है।दूसरी ओर सकीट थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर सराय निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि उनकी 6 वर्षीय पुत्री कीमती बुधवार को रसोई में मौजूद थी। तभी वहां उबल रही चाय भगोने से बाहर निकलकर उसके ऊपर गिर गई। जिसके चलते वह बुरी तरह से झुलस गई। मेडिकल कॉलेज में उसका भी उपचार चल रहा है।

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला ब्यूरो चीफमंडल ब्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -सम्पादक
मौ:-8218049162,8273402499